
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चारधाम देवस्थानम बोर्ड भंग करने को आंदोलन हुआ तेज

**आंदोलन**

## घेराव के दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से नोकझोंक

**संवाददाता**

देहरादून। देवस्थानम बोर्ड भंग करने की मांग को लेकर तीर्थ पुरोहितों ने कैबिनेट मंत्रियों के यमुना कालोनी स्थित आवास का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने मांग पर मिल रहे आश्वासन पर नाराजगी जताई। कहा कि सरकार कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ आश्वासन देकर उन्हें गुमराह कर रही है। इस बीच वार्ता के दौरान तीर्थ पुरोहितों की कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से नोकझोंक भी हुई। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल व बिशन सिंह चुफाल ने तीर्थ पुरोहितों को आश्वासन दिया कि सरकार 30 नवंबर तक उनकी मांगों पर विचार करने जा रही है। वे भी तीर्थ पुरोहितों की मांग सरकार से अवगत कराएंगे।

तीर्थ पुरोहित हक हकूकधारी महापंचायत से जुड़े चार धामों के तीर्थ पुरोहित महासभा, पंचायत व मंदिर समितियों के पदधिकारी मंगलवार को यमुना कालोनी स्थित कैबिनेट मंत्री सुबिध उनियाल के आवास के बाहर एकत्रित हुए।यहां देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की मांग करते हुए नारेबाजी की और वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल आवास से बाहर आए, तीर्थ पुरोहितों ने मांग पर कार्रवाई की जगह सरकार द्वारा मिल रहे आश्वासन पर नाराजगी जताई। कहा कि सरकार उनको गुमराह का प्रयास कर रही है।



इस बीच तीर्थ पुरोहितों की कैबिनेट मंत्री के साथ नोकझोंक भी हुई, हालांकि बाद में मंत्री ने आश्वस्त किया कि 30 तक उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। इसके बाद तीर्थ पुरोहित कैबिनट मंत्री बिशन सिंह चुफाल के आवास के बाहर पहुंचे व प्रदर्शन किया। चुफाल ने भी तीर्थ पुरोहितों की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

महापंचायत के संयोजक सुरेश सेमवाल ने कहा कि तीर्थ पुरोहितों ने पूर्व में चार धामों के पूजा स्थलों पर धरना व क्रमिक अनशन किया था, तब सरकार ने भरोसा दिलाया कि 30 तक उनकी मांग पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि इस बार कार्रवाई नहीं हुई तो चारों धामों के पूजास्थलों के साथ देहरादून में गांधी पार्क के बाहर क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा।

महापंचायत के प्रवक्ता डा.बृजेश सती ने बताया कि शाम को महापंचायत की बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। प्रदर्शन करने वालों में चारधाम महापंचायत के अध्यक्ष राजीव सेमवाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव लखन उनियाल, गंगोत्री तीर्थ पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पवन सेमवाल, नीरज सेमवाल, रोहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


कार्यालय सहायक अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देहरादून।

पत्रांक 474/निविदा दिनांक 22/11/2021

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के निविदा सूचना सं0 465/निविदा दिनांक 17.11.2021 के द्वारा आमंत्रिक की गयी निविदा की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

1 निविदा विक्रय की अंतिम तिथि– 06.12.2021 सांय 05:00 बजे तक।
2 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 07.12.2021 अपराहन 3:00 बजे तक।
3 निविदा खोले जाने की तिथि– 08.12.2021 अपराहन 3:30 बजे।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

सहायक अभियन्ता (वि0/यां0),
वि./यां. खण्ड,लो0नि0वि0.
देहरादून।


# 1320 मेगावाट की बक्सर ताप संयंत्र की दूसरी इकाई के कार्यों का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नन्द लाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से 1320 मेगावाट के बक्सर ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई के कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परियोजना स्थल पर निदेशक (विद्युत), सुशील कुमार शर्मा तथा एसजेवीएन थर्मल प्रा. लिमिटेड (एसटीपीएल) के सीईओ संजीव सूद अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नन्द लाल शर्मा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1320 मेगावाट के बक्सर थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला 9 मार्च 2019 को रखी गई। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि माननीय केंद्रीय विद्युत तथा एनआरई मंत्री आर. के. सिंह द्वारा परियोजना प्रगति की निरंतर मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने सभी हितधारकों को निर्धारित समय सीमा से पहले परियोजना को कमीशन करने के लिए उत्साहपूर्वक कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे अवगत करवाया कि इस संयंत्र में दो इकाइयाँ है तथा पहली इकाई पर 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है । अल्ट्रा सूपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी के साथ 1320 मेगावाट के बक्सूर थर्मल विद्युत संयंत्र को एसजेवीएन थर्मल प्रा. लि. (एसजेवीएन लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। संयंत्र में लगभग 11,000 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। कमीशन होने पर संयंत्र 9828 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन करेगा।



## स्व. बरफिया लाल जुवांठा की पुण्यतिथि श्रद्धासुमन अर्पित किए

**संवाददाता** पुरोला। पूर्व पर्वतीय विकास मंत्री स्वर्गीय बरफिया लाल जुवांठा की 21 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। आज ही के दिन 23 नवम्बर 2001 को उनका देहावसान हुआ था । यहां उनके स्मारक पर उनके पुत्र पूर्व विधायक राजेश जुवांठा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पीएल हिमानी, कांग्रेस विधानसभा प्रभारी दिनेश खत्री, दुर्गेश लाल आदि नेताओ ने पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यापर्ण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

गोष्ठी में वक्ताओं ने स्वर्गीय जुवांठा के विकास मॉडल पर कार्य करने का आह्वान किया।

## न्यूज डायरी

### उत्तर प्रदेश से तस्ध्करी के लिए लाए जा रहे थे 190 कछुए

**संवाददाता** किच्छा। ऊधमसिंहनगर में पुलभट्टा पुलिस के सहयोग से एसओजी ने कछुओं की तस्करी का बढ़ा खुलासा किया है। पुलिस ने करहैल अटावा उत्तर प्रदेश से तस्करी कर लाए जा रहे 190 कछुओं के साथ दो तस्करों को पकड़ उनकी कार को सीज कर दिया है। बरामद कछुओं को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। एसएसपी ने टीम को ढाई हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### रिलायंस ज्वेल्स ने क्लासिक ब्राइडल ज्वैलरी कलेक्शन को किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। भारत में आभूषणों के सबसे भरोसेमंद ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार बेमिसाल कारीगरी से तैयार किए हेरिटेज गोल्ड और डायमंड ज्वैलरी के साथ ब्राइडल लुक को और ज्यादा शानदार बनाने के लिए उम्दा डिजाइनों वाले क्लासिक ज्वैलरी कलेक्शन को लॉन्च किया है। नई ज्वेलरी लाइन के लॉन्च के साथ, रिलायंस ज्वेल्स भावी दुल्हनों को उनके आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं देता है और उनकी खुशहाली की कामना करता है। कला की बारीकियों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ये आभूषण सिर्फ शादी समारोह के लिए ही नहीं, बल्कि सगाई, संगीत, मेहंदी, रिसेप्शन और कई अन्य अवसरों के लिए एकदम उपयुक्त हैं।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत मठ लमकोठी मोटर मार्ग के कि.मी. 02 से 5 तक विस्तार कार्य हेतु रूपये 76.78 लाख, विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु रूपये 38. 76 लाख, विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु रूपये 148.40 लाख, विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत रानीगढ़ लैणी बुढ़वा–सौड मोटर मार्ग का पीसी द्वारा डामरीकरण हेतु रूपये 389.22 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गइ

मुख्यमंत्री ने इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत गैंरखेत से लखमरा तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु रूपये 122.90 लाख, विधानसभा क्षेत्र रूड़की के अन्तर्गत विभिन्न 02 मोटर मार्गों हेतु रूपये 392.38 लाख, विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर के अन्तर्गत वार्ड सं0–89 के मार्ग एवं नाली का निर्माण हेतु रूपये 241.93 लाख, विधानसभा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत वार्ड संख्या–66 के आंतरिक क्षतिग्रस्त मार्गों पर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य हेतु 76.40 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी के साथ मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र लैंसडाउन के अन्तर्गत पाली बैण्ड से पाली गांव तक हल्का वाहन मार्ग से मोटर मार्ग में परिवर्तन एवं मोटर मार्ग का विस्तार हेतु रूपये 50.17 लाख, विधानसभा क्षेत्र लैंसडाउन के ही विभिन्न 05 निर्माण कार्यों हेतु रूपये 233.97 लाख, विधानसभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत बांजबगड़ तेलना मोटर मार्ग के कि.मी. 9 का हल्का वाहन मार्ग से मोटर मार्ग में परिवर्तन एवं किमी0 10, 11 एवं 12 तक नवनिर्माण कार्य हेतु रूपये 192.86 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्रीन सिटी कॉलोनी, बाजाली एन्क्लेव, कृष्ण विहार तथा डी0एस0पी0 चौक से आंतरिक मार्गों का निर्माण कार्य हेतु रूपये 265. 33 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## परिसंपत्तियों के बंटवारे को लेकर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

**संवाददाता** चम्पावत। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल काशी सिंह ऐरी ने प्रदेश सरकार पर उत्तर प्रदेश के साथ परिसम्पत्तियों के बंटवारे के मामले को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री परिसम्पत्तियों का बंटवारा होने की जो बात कह रहे हैं वह झूठी है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मसले को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है ताकि सच्चाई उत्तराखंड की जनता को चल सके। मंगलवार को चम्पावत पहुंचे काशी सिंह ऐरी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल आगामी विधान सभा चुनाव में राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। राज्य की छोटी पार्टियों के साथ चुनावी गठबंधन के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिकिसी भी राष्ट्रीय दल से गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पृथक राज्य की लड़ाई में उत्तराखंड क्रांति दल का योगदान राज्य की जनता से छिपा नहीं है।